आदिरंग

जनजातीय संस्कृति के रंग

राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा सोसाइटी,NESTS

EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL DONGARIYA

BLOCK MARWAHI,DISTT. G.P.M, CHHATTISGARH

Sh. Ajeet kumar srivastava
Commissioner,NESTS

Mrs. Leena Kamlesh Mandavi
Chairman & Collector G.P.M

Sh. Gopesh Manhar
Assistant Commissoner(Tribal),G.P.M

Sh. Rajeev Kumar Pandey
Principal,EMRS Dongariya

From Principal's desk :

EMRS Dongariya was sanctioned in 2013 by Govt. of India with scheme of residential school specially for tribal children of remote areas. Here we are committed to provide good quality modern education including a strong component of culture, inculcation of values, adventure activities & physical education with games & sports activities.

EMRS has vision of quality Residential system for promotion of modern education in CBSE Board and also preserves the tribal culture and traditions. Our dedicated team of teachers & staff work tirelessly to create support & engaging learning environment. I am confident that with your support and collective effort EMRS Dongariya can be a place where every student can excel and achieve their goal.

Acknowledgement

We extend our heartfelt gratitude to all those who contributed to the creation of this magazine.
Our sincere thanks to:

- **Principal(Sh. Rajeev Kumar Pandey)** – *For extending support to this initiative*
- **Editorial Board(Mr. Rajiv pusola(Chairman),Mrs. Annu saini)** – *For planning, compiling, and editing the content.*
- **Teachers** – *For motivating students and sharing valuable inputs.*
- **Students** – *For their creative writings, drawings, and ideas.*
- **Design & Technical Team(Ms Amita raman,Mr. Harshit Goyal)** – *For layout, design, and printing support.*
- **Support Staff(All Dongariya family)** – *For assistance in coordination and organization.*

Watermark used : Gond art from MP , Divine Goddess(Bastar Art) CG.

FIRST EDITION, August 2025 **PUBLICATION : EMRS DONGARIYA,GPM,CG 495119**

STAFF MESSAGE

प्रिय विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों,

मुझे EMRS, डोंगरिया की वार्षिक पत्रिका के लिए संदेश लिखते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है। हमारी पाठशाला का पुस्तकालय केवल किताबों का ढेर नहीं, बल्कि ज्ञान का एक महासागर है, जो हर विद्यार्थी के लिए खुला है।

यह पुस्तकालय आपके लिए एक शांत और प्रेरणादायक स्थान है, जहाँ आप नई दुनिया की खोज कर सकते हैं। यहाँ मौजूद हर किताब में एक कहानी है, एक विचार है, एक नई जानकारी है जो आपके भविष्य को उज्ज्वल बना सकती है।

मैं आप सभी से यह आग्रह करना चाहूँगी कि आप नियमित रूप से पुस्तकालय में आएं। सिर्फ़ अपनी पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रहें, बल्कि कहानियों, कविताओं, विज्ञान और इतिहास से जुड़ी किताबों को भी पढ़ें। किताबें हमें सोचने, समझने और दुनिया को एक नए नज़रिए से देखने की शक्ति देती हैं।

याद रखें, एक अच्छी किताब सबसे अच्छी दोस्त होती है। यह हमें अकेलेपन में सहारा देती है और हमारे ज्ञान को बढ़ाती है।

इस पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए मैं पूरी टीम को बधाई देती हूँ और आशा करती हूँ कि आप सभी पुस्तकालय का भरपूर उपयोग करके अपने ज्ञान की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे।

शुभकामनाएं।

अन्नु

पुस्तकालय अध्यक्ष,EMRS डोंगरिया

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया की ओर से हम हमारे विद्यालय से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सर्व समाज के सभी सदस्यों और हमारे प्रिय छात्रों का अभिवादन करते हैं। प्रिय छात्रों विद्यालय वह स्थान है जहां शिक्षा और शिक्षक प्रक्रियाएं एक साथ होती हैं। शिक्षा के लिए उत्तम चरित्र आवश्यक है और उत्तम चरित्र के लिए विनम्रता आवश्यक है इसी प्रकार शिक्षक के लिए अनुशासन महत्वपूर्ण है और अनुशासन के लिए दृढ़ता और कठोरता आवश्यक है,इसलिए सीखने और सिखाने की प्रक्रिया में विनम्रता और दृढ़ता कठोरता दोनों ही आवश्यक हैं।

धन्यवाद

अनिल कुमार

पीजीटी भौतिक विज्ञान

It is a matter of great pride and joy to be part of the EMRS Dongariya family, where diversity meets unity and learning becomes a shared journey. With a dedicated team of about 35 staff members from different states of India, we bring with us varied cultures, languages, and experiences, yet work together with one common aim — the holistic development of our students.

Our bright students are the heart of this institution. Each child carries within them unique talents, rich traditions, and boundless potential. As educators, we are committed to nurturing these gifts, guiding them towards academic excellence, cultural pride, and moral strength.

From many states, we came as one,
Under the same bright Dongariya sun.
In books, in art, in games we share,
A bond of learning beyond compare.

We believe that education is not only about textbooks, but also about shaping responsible, confident, and compassionate individuals. With cooperation, understanding, and mutual respect, the staff of EMRS Dongariya continues to strive for an environment where every learner feels valued, encouraged, and inspired to dream big. Together, as one team and one family, we look forward to building a brighter future for our students and our community.

Motto: "Many cultures, one mission — to light every mind, to touch every heart."

MD SOHIDUL ISLAM (TGT ENGLISH, EMRS DONGARIYA)

TOP ACADEMIC ACHIEVERS 2024-25

CLASS XII TOPPERS

1^{st}. SURUTI (76.6%)

2^{ND}. SALESHMA KANWAR

3^{RD}. AASTHA RAJ

CLASS X TOPPERS

1^{ST}. ASHA KANWAR (76.8%)

2^{ND}. SARITA AGARIYA

3^{rd}. SAMIR ARMO

NEET QUALIFIED

SURUTI

EKTA

HEMWATI

SCHOOL TOPPERS

JAGESHWARI
Class – 6A(Marks-95%)

JAGRITI
Class – 8A(Marks-93%)

PRIYANKA
Class – 8B(Marks-94%)

My Favorite Book

My most favourite book is “The Constitution Maker – Dr. Bhimrao Ambedkar”. Dr. Bhimrao Ambedkar is also called Babasaheb. He is a name in history who lit the lamp of social respect for Dalits in the hearts of people. This name will always remain in the golden pages of Indian history because he gave India its Constitution. By reading about the life of Babasaheb, who rose to greatness through his own efforts, one can understand how much struggle he faced in life.
Just by reading this book, one learns how the life of the great son of India, Dr. Bhimrao Ambedkar, was full of hardships. In this book, it is written that everyone should take inspiration from his life. He had large round eyes, a well-built body, fair complexion, broad forehead, sharp nose, and thin lips. Seeing him, no one could imagine that he belonged to the Mahar caste — an untouchable caste, which at that time was considered inferior.
He always came first in his class, was the sharpest and most intelligent among his classmates. Yet, due to being from the Mahar caste, he was treated with discrimination. In school, he was made to sit separately and was not allowed to sit on the bench. He was also forbidden to drink water from the same pot; a peon had to pour water for him. Many children did not even touch him or play with him.

At that time, caste discrimination was at its peak. He never gave up hope despite this behaviour. He was surprised at the discrimination shown towards him by his own classmates. Later, when he progressed to high school, new challenges awaited him. In childhood, this discriminatory behaviour did not affect him much, but gradually these wounds began to cause deep pain in his heart.
Soon, the time came for him to choose a second language in school. He chose Sanskrit as his second language, because he wanted to study it deeply. But due to being from the Mahar caste, he was not allowed to study Sanskrit. The principal rejected his request. In 1907, Bhimrao passed the matriculation examination in the first division.
In 1912, he obtained his B.A. degree. Later, he went abroad for higher studies. In America, he saw that there was no discrimination or prejudice against anyone, unlike in India.

JAGESHWARI 7TH A

My First Day at My New School

On 1st April 2025, I visited my new school, EMRS Dongariya School ,(esp. dedicated for Tribal students) for the first time. I sat at my desk in Class 9th Section A, and met many students from Class 8 who studied in Eklavya, from their earlier days. They are straightforward, generous, and humble in nature. I like the nature of my friends, and they helped me understand how to live and adjust in the school atmosphere. They never refuse me if I need something like a pencil, pen, or other things and I was welcomed by my classmates with an open heart.
Moreover, They never made fun of my activities or on my parents, unlike the students of previous school where I had studied before than this one. They even mocked the house where I lived, although I did not actually live there.
The teachers at EMRS are so good. They never beat the students and handle smaller kids with utmost affection and care. My first friend in EMRS Dongariya is Kamta Prasad.
Every teacher teaches well, and teachers never behave rudely. My favourite teacher is Mrs. Ritu Ma’am, whose teaching method is very good. She is also a humble teacher. I like all my friends and teachers. They support me in my studies, so I score well in PT-1. With happy and content mind-set. I know there is a long way to go.
SAUBHAGYA PANDEY,9A

My Favorite sport

My favorite game is table tennis. I like table tennis very much. I started playing this game when I was in 6th standard. I started preparing for this game. My preparation was very good. Then the coach told me that you play very well and you will go far. Then I thought that I should prepare even better. I study in Gaurella-Pendra-Marwahi district. In Gaurella there is Nevasa, in Pendra there is Lata and in Marwahi there is Dongariya, these are three Eklavya schools. I study in Dongariya school. I defeated these two schools and I was selected for participating in Korba division. This division has seven districts. I defeated the players of those districts. I went there by bus. There were many games being played in which Kho-Kho, Football, Volleyball, 100m 200m 400m etc. were included.

RAVIRAJ 7TH A

HINDI ARTICLES

मेरे बचपन के दिन

बचपन की स्मृतियों में एक विचित्र आकर्षण होता है। कभी कभी बीता हुआ कल एक सपने जैसा लगता है लगता है जैसे कि अभी अभी कोई सपना ही देखी हूँ। परिस्थितियां बहुत बदल जाती है। अपने परिवार में मैं सबसे छोटी बेटी हूँ मैं सोचती रहती हूँ की मेरे दादाजी कैसे दिखते रहे होंगे। मेरे दादाजी की मृत्यु बहुत पहले ही हो गई थी। उनकी फोटो को भी मैंने नहीं देखा है। मैं छोटी थी तब मेरे पिताजी स्कूल छोड़ने जाते थे। बस मैं और दीदी घर आते समय खेलते खेलते आते थे तो मेरी माँ स्कूल जाती थी कि इतना समय हो गया अभी भी घर नहीं आयी। हम तो इधर उधर खेलते रहते थे शाम के समय घर जाते थे। एक बार मेरी दीदी गिर गयी थी तो वह घर जा रही थी तो मैं भी घर जाने के लिए रो रही थी। तो मेरी दीदी मेरे को घर ले गयी थी, तो मेरी माँ फिर से स्कूल जाने के लिए बोल रही थी। तब भी मैं स्कूल नहीं गयी थी, रोज़ हम लोग शाम के समय खेलने जाते थे। एक बार खेलते खेलते मैं गिर गयी तो मेरे पैर में चोट आ गयी थी, मैं बहुत रो रही थी, कुछ लोग मेरे को हॉस्पिटल ले गए

। जब हम छोटे थे तब मैं बहुत मौज मस्ती करती थी। किसी से कोई मतलब नहीं कोई टेंशन नहीं। फिर जब मुझे हॉस्टल में शिफ्ट कर दिया गया पहले पहले मैं बहुत रोती थी अब नहीं रोती। बहुत अच्छा लगता है और मेरा कभी कभी घर जाने का बहुत मन करता है। अब क्या करे कुछ पाने के लिए कुछ खोना तो पड़ता ही है।

दिव्यांशु की कलम से

विद्यालय

कनक–कनक सी चमचम करती,
ज्ञान की बात में विलम्ब व करती,
विद्या प्रदान सबको है करती,
ये तो है एक ज्ञान की नगरी,

चाहे जितना भी भरलो ज्ञान,
नहीं छलकेगी तुम्हारी गगरी,
पुस्तकालय में है इसका भंडार,
हो जायेगा इससे तुमको प्यार,

खत्म होता है आडम्बर,
विलुप्त होती है अज्ञानता,
विद्यालय की तो यही है महानता,

छोड़–छाड़ के आते हैं हम,
घर बार सब अपने,
पूरा करने सब सपने,

विद्यालय में सब हैं पढ़ते,
शिक्षक, कलेक्टर,डॉक्टर सब हैं बनते।

रीना ,कक्षा- 12-A

सुन्दरता

वसुंधरा नाम की एक लड़की थी। वह 12 साल की थी। उसे फूल बहुत पसंद थे। वह ज्यादातर समय अपने घर के बगीचे में बिताती थी।

उसने और उसकी बहन निहारिका ने बागीचे में सुन्दर–सुन्दर फूल लगाए थे। वसुंधरा का रूप–रंग आकर्षक था। भूरे बाल, गोरा रंग और सुन्दर दो भूरी आंखें। निहारिका वसुंधरा जितनी सुन्दर नहीं थी।

इसी बात को वसुंधरा हमेशा निहारिका से कहती रहती थी परंतु निहारिका बुद्धि और गुणों के मामले में वसुंधरा से आगे थी। वह अपनी कक्षा और विद्यालय में प्रथम आती थी। निहारिका शांत स्वभाव की थी और वही दूसरी ओर वसुंधरा चंचल स्वभाव की।

हर बार की तरह इस बार भी निहारिका प्रथम आई और वसुंधरा फेल होते होते बची। उनके परिवार वालों ने निहारिका को शाबाशी दी और वसुंधरा को डांटा कि अगर वो अगली बार से कम नंबर लाएगी तो उसे दूर के स्कूल में पढ़ने भेज देंगे।

फिर उसने कुछ नहीं कहा और वहां से चली गई। सभी लोग उसके व्यवहार से परेशान थे। अगले ही दिन से बसंत ऋतु शुरू होने वाली थी।

उस दिन रविवार था। निहारिका और वसुंधरा रविवार के दिन सुबह–सुबह घूमने के लिए बागीचे में आई और खेलने लगीं। कुछ ही देर में वे दोनों अपने सुन्दर और प्यारे फूलों को देखने लगीं, जिन्हें माली काका पानी दे रहे थे।

तभी अचानक वसुंधरा की चीख निकल गई। एक पौधे में इल्लियों को देख कर वो गुस्से से बोली दूर हट जाओ गंदे भद्दे कीड़ों मेरे फूलों से। यह सुनकर निहारिका बोली , "क्या तुम इन छोटे और प्यारे कीड़ों से डर रही हो?"

वसुंधरा बोली ," छी ... यक ये कीड़े तुम्हें प्यारे लगते हैं? बदसूरत चीजों को बदसूरत चीजें ही पसंद आती हैं।"

निहारिका को उसकी बातें सुनकर बहुत बुरा लगा, पर उन बातों पर उसने ध्यान नहीं दिया।

एक सप्ताह बाद वसुंधरा घूमते–घूमते उसी पौधे के पास पहुंची पर उस पौधे को देखकर उसके होश उड़ गए।

वो पौधा बेंगनी फूलों से लदा था और उस पर सुन्दर–सुन्दर तितलियां मंडरा रही थीं।

वो दृश्य मनमोहक कर देने वाला था। उसने निहारिका को आवाज लगाई, वो भी तुरन्त आ गई।

दृश्य को देखकर खुश हो गई। वसुंधरा ने कहा — "वाह! सब कितना सुन्दर है।" "तुम्हे छोड़ के" तुम कितनी सांवली हो न? निहारिका ने इस बार कह ही दिया कि वसुंधरा हर चीज की अहमियत सुंदरता से ही नहीं होती। ये तितलियां जिन्हें तुम सुन्दर कह रही हो, वो कुछ दिन पहले छोटे और गंदे कीड़े थे। तुम हमेशा सुन्दरता ही देखती हो और समझती हो कि सुंदरता सब कुछ है।

लेकिन बाहर से नहीं, अंदर से भी सुंदर होना चाहिए। हर व्यक्ति यहां खास है। हम सभी यहां एक समान हैं सभी में कुछ न कुछ कला है ,कुछ खासियत है। बस जरूरत है उसे पहचानने की, समझने की और दिखाने की और उस कला के लिए मेहनत करने की।

इन सब बातों को सुनकर वसुंधरा की आंखों में आंसू आ गए।

तो बस उसी दिन से वसुंधरा के व्यवहार और सोच में बदलाव होने लगा।

सब चीजों में अच्छाई देखने लगी और पढ़ाई में भी अपनी बहन निहारिका की तरह प्रथम आने लगी।

भूमि धुर्वे ,9thA

EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL DONGARIYA MARAWAHI G.P.M (C.G)

BIOLOGY LAB

LIBRARY

CHEMISTRY LAB

COMPUTER LAB

PHYSICS LAB

HOSTEL

CLUB MESSAGE

"Green Roots, Bright Future" –
A Call from the Eco Club

A drop of water sings in the river,
A seed dreams beneath the soil,
A tree whispers to the wind —
"Care for me, and I'll care for you."

A single tree can give shade to hundreds, but it asks for nothing except care. A single drop of water can give life, but only if we save it. And a single student, with the right awareness, can change the future of our planet.

At EMRS Dongariya, our Eco Club—working under **Mission LiFE (Lifestyle for Environment)**—is not just a club, it's a movement. A movement to *live responsibly, think sustainably, and act fearlessly* for the Earth.

This year, our **Van Mahotsav Week** was not just a celebration, it was a promise.

- We planted trees under the heartfelt theme **"Ek Ped Maa Ke Naam"**, connecting nature's life to a mother's love.
- We brought the street alive with **Nukkad Nataks**, making everyone stop, watch, and think about the dangers of plastic and pollution.
- We raised our hands and took **pledges** that our lifestyles will protect, not harm, nature.
- We turned creativity into awareness through **essays and posters** that spoke louder than words.
- We stepped out for **rallies** carrying messages – *"Say No to Plastic"* and *"Say No to Tobacco"* – echoing through the community.

The Earth doesn't need more speeches, it needs *action*. And action starts with you – switching off a light, refusing a plastic bag, planting a tree, or inspiring a friend.

We, the Eco Club of EMRS Dongariya, believe that **when you take care of nature, nature takes care of you**. Let's keep planting, protecting, and preserving—because the roots we grow today will hold the future tomorrow.The future belongs to those who plant it. So, let's keep planting kindness, growing awareness, and harvesting a future where every leaf smiles and every heart breathes free. Together, we are not just students and teachers. We are *Earth keepers*.

Mustafa Ahmed Sheikh
PGT Biology & Eco Club Coordinator

Oh don't you love sports, the dazzling thrill of contest!
Where, amongst so many schools, our students gave their best.
They started their hunt with a chase.
By winning, state semifinal in kho-kho, made the courts ablaze.
Roared around the arena, like a king-kong.
When, got 1st position in ping-pong.
In a very tensed match, made opponents down.
With spike of victory, seized the volleyball crown.
With king, Queen, rook, bishop, knight and pawn,
They ended black night to meet the dawn
Using their brain, clearing the obstacles
Winning the tournament became checkmate chronicles
By breaking layers of difficulties in football, as a court case hearing.
Priyanka qualified for, " Advance course in mountaineering"
Created a legacy in Tennis, made the history,
Suman Pratap got gold with ace of victory.
There are many more, achievement, you can't miss
So many occasions, where for us, we proved podium abliss.
We **'Dongarians'** promise here "we will never stop till we ourselves' finish this trajectory "
Following sole rule of **"Mastery, History and Victory."**

Indrajeet Kumar
I/C sports Club,TGT PET

कला क्या है?
कला वह है जो पिंजरे जैसी दुनिया से,
उन्मुक्त विचारों को,
अद्वितीय आवाज दे।
समाज की रूढ़िवादी सोच की बेड़ियों से निर्बाध,
जो हो आधुनिकता के ख्वाबों से आजाद।
कला वही है जिसमें,
मन को मोहने की शक्ति हो।।

अगर मगर और काश में हूं,
मैं खुद ही अपनी तलाश में हूं।
जब से हो गई कला से रूबरू,
मैं अपनी कलाकृतियों से मोहब्बत के एहसास में हूं।।

कला कभी जात-पात,
उच्च -नीच ,अमीर -गरीब नहीं देखती,
यह तो ईश्वर के द्वारा नवाजा गया,
मेहनत के रंगों से मिला हुआ आशीर्वाद है।।
गीत, संगीत ,नाटक ,कलाकृति,
यह सभी रंग कला में समाहित हैं।
जो उसके एक-एक कण की तरह है,
जो उससे प्यार करें बस उसकी हो जाती है।।
अमिता रमन,टीजीटी आर्ट

<u>**CLUB ACTIIVITIES**</u>

ECO CLUB

SCIENCE CLUB



ICT CLUB

LIBRARY CLUB

ARTICLES

मेरा सफर

स्कूल की तो बात थी जब मेरी सहेलियां मेरे साथ थी| हम 5वीं कक्षा में पढ़ते थे एक दुसरे से लड़ते थे | मैने 6वीं की परीक्षा दी थी मैनें अपने सपनों के स्कूल की खोज की थी | मैं 5वीं कक्षा में जब पढ़ रही थी आगे की तेयारी के लिए लड़ रही थी | अपने सपनों का स्कुल खोज रही थी || मेरी मन में थी एक बात क्या मिलेगा मेरे सपनों का स्कुल फिर एक बार जेसे हूँ मैं अपनी 5वीं कक्षा में इस बार | सोच रही थी जब मैं ऐसा, तभी अचानक 6वीं का परिणाम आया मेरे सपनों के स्कूल का पैगाम आया लेकर अपनी गठरी रखकर उसमें थोड़ी सी गठरी मन में रखकर थोड़ी मस्ती, पहुची मैं अपने सपनों की बस्ती, देखकर मैं अपने नये दोस्तो को हो रही थी हक्की-बक्की जिनसे हुई थी मेरी दोस्ती बिल्कुल पक्की | चारो तरफ बस हरियाली थी मेरे मन की प्याली खाली थी | जो हमें पढ़ाते थे, वो बड़े मतवाले थे, देखकर हम उन्हे यूँ ही खो जाते थे | छठी कक्षा की तो थी बात निराली क्योंकि मेरी सहेलियाँ थी बहुत प्यारी | क्षण भर की थी ये ख़ुशी हमारी क्योंकि अब आ गयी थी कोरोना की बारी 7 वीं कक्षा की तो बात गयी, जो कोरोना के साथ गयी श्रीमान कोरोना जी ने कल्टी मारी, अब फिर थी हमारे स्कूल आने की बारी इस बार नहीं थी गठरी में मेरी मठरी क्योंकि syllabus से भरी थी गठरी | चारों तरफ बस सन्नाटा था | गणित हमे नहीं आता था | प्यारी सी हमारी एक मैडम थी, प्यार से हमें समझाती थी, हमें 6 वीं से 12 वीं से 8 वीं कक्षा को अच्छा बताती थी | अब थी कक्षा 9 वीं की बारी नये अतिथि शिक्षकों के प्रवेश की बारी |

प्यारी सी मुस्कान लिये, दिल में नये अरमान लिये, गणित के पन्ने पलटाये थे | जो कुछ ही समझ में आये थे | लेकिन हाँ... विज्ञान हमारा अच्छा था || हिंदी और सामाजिक की शिक्षिकाओं ने हमें परेशान किया, लेकिन 10 वीं तक का साथ दिया अंग्रेजी हमारी सस्ती थी, लेकिन उसमें थोड़ी मस्ती थी कुछ भी खो डॉ की बस्ती थी | खेल-खेल में ये दिन तो बीत गये अब थी कक्षा 10 वीं की बारी 10 वीं में धडकन तेज थी क्योंकि दसवी की परीक्षा बोर्ड थी | कभी-कभी मेरी आँखे नम हो जाती थी | जब मेरी गणित की तैयारी कम हो जाती थी | जब हम गणित बनाने बैठते थे ना जाने कब 2 बज जाते थे | ख़ुशी मुझे तब हो जाती थी जब मैडम इतिहास पढ़ाती थी भले ही कभी-कभी हमें नीदं आ जाती थी | अंग्रेजी वाली मैडम बस यही कह जाती थी कोई काम नहीं है तुम्हारा बस पढ़ते रहो सामाजिक अध्ययन न जाने कोनसी पढ़ाई है उन्होंने तुम्हे पट्टी | चलो-चलो एक नाटक की बात याद आयी उसी समय आई फ्लू संक्रमण आयी मैं बनी थी उसमे अध्यक्ष स्थायी ये बीमारी तो हुई थी सबको भाई, ठीक-ठाक हो गये जब सब तो शुरू हुई सुबह 7 बजे गणित की कक्षाएँ | जब सर ने हमें गणित के सैंपल करवाए हम सब उसमें अच्छे नंबर ले आए |

हम सुख सुविधाओं से पूर्ण थे, इंडेक्सन के साथ चाय, पानी और शक्कर भरपूर हो जब चाहे तब आते थे जब चाहे तब जाते थे अपने लिए चाय बनाते थे | समय नहीं था पास हमारे घोलकर पी गए हम पन्ने सारे देखकर किताबों को सिर हमारा चकराता था जब-जब परीक्षा का दिन नजदीक आता था | हमने अपनी सारी परीक्षाएँ दे डाली अब थी हमारे रिजल्ट की बारी ठीक-ठाक तो आये नंबर पर हो रहे थे हम शर्म से पानी-पानी | उपर से एक संदेश आया, हमारे सपनों के विधालय के लिए परिवर्तन लाया संग अपने नये शिक्षकों की टोली लाया | रंग-बिरंगी हवाओ का झोका लाया | सभी शिक्षकों का परिचय लाया जब 11 वीं का मोका आया कोई राजस्थान तो कोई पश्चिम बंगाल से आया लगता है पूरा भारत इस विद्यालय में ही आया अपने साथ नए फूलों की खुशबू लाया मुझे अभी याद है वो वो जोड़ा सन 2023 में आया अपने साथ परिवर्तन लाया अच्छी आदते लाया इच्छाएं अकांक्षाएँ लाया हम तो भूल ही गये थे बोलना, सिखाने की ये चाहत लाया | शिक्षक हमारी कक्षाओं में पहले-पहल जब आए थे | पता नहीं तब हम क्यूँ शर्माए थे |

खुलकर हम उनसे नहीं बोल पाए थे | शायद यही थी हमारी पहली और आखिरी गलती | सुख सुविधाएँ नहीं थी इस बस्ती में हमारे प्रधानाचार्य ले आए उसे भी अपनी मस्ती में कब सीखेगे आप नये तौर तरीके | बस इतनी सी बात में ये पूरा साल बीत गया 11 वीं कक्षा अब पीछे छुट गया। अपने लाल-लाल कोपलों को लेकर कुछ सीखने की बारी है, इस साल 12वीं की तैयारी है। 1 अप्रैल से एक बात हो गयी, इस नये सत्र की की शुरुआत हो गयी कक्षाओं में पढ़ाई की शुरुआत हो गयी |

उसी समय छुट्टी की बात हो गयी घूम फिरकर जब गए घर से, दिमाग से सारी बातें गायब हो गयी अब फिर से पढ़ाई की शरुआत हो गयी अभी आए कुछ ही दिन हुए हैं. अच्छी खासी चल रही है तैयारी क्योंकि बोर्ड है फिर से एक बारी हमारी कक्षा अध्यापक अच्छे है क्योंकि वो बात-बात पर हँसते है तभी तो हम पढ़ते है। अंधेरे से उजाले तक धूप से लेकर छाँव तक मेरे सपनों का स्कूल मुझे यहाँ तक ले आया है इसने मुझे आगे बढ़ाया है योग तक ले मुझे संघर्ष में साहस के साथ लड़ना सिखाया है मुझे युद्ध में वीरो की तरह विजयी बनना सिखाया है मुझे मेरे सपनो के स्कूल ने सिखाया है, कि भले न मिले मंजिल लेकिन हार नहीं मानना है.

रीना ,कक्षा- 12-A

मेरे भईया

मेरे बडे भईया मुझे मेरे भाइयों में सबसे प्यारे थे। क्योंकि मैं उनसे बिलकुल नहीं डरती क्योंकि वो मेरे सभी कामों में मदद करते थे। मैं उनसे बहुत मजाक करती थी। वो मेरे बड़े मम्मी के बेटे थे। जब मैं उनके गांव जाती थी। मैं मेरे भईया के साथ खाना बनाती थी। थोड़े टाइम से घर नहीं आते तो उनको बहुत डांट खिलाती थी। मेरी बड़ी मम्मी की कोई बेटी नहीं थी। इसलिए वो मुझे अपने साथ ले जाती थी। वहां की प्रकृति मुझे बहुत अच्छी लगती है। चहचहाती चिड़ियों की गूंजती आवाज, रंग-बिरंगी तितलियाँ और अन्य जीव-जन्तु। जब मैं हॉस्टल आई तो मैं रोती थी। लेकिन एक दिन ऐसा आया जो दिल दहलाने वाला था। जो मुझे पता नहीं था। जब मैं गर्मी के छुट्टी में गई तो मेरी मम्मी ने बताया कि तेरे भईया अब नहीं है। पहले तो मानो सदमा लग गया। लेकिन जब-जब मैं गांव के पास पहुँचती गई तब-तब मुझे उनकी याद आने लगी। तब जाकर मुझे अहसास हुआ कि जब ये थे तो मैं उनकी परवाह नहीं करती। अब जब नहीं है तो उनकी बहुत याद आती है। कभी-कभी उनकी याद आती तब उनका दिया हुआ हाथ में पहनने वाला आभूषण उसको देखकर रो लेती।

जो चीज हमारे सामने होती है, तो हम उनकी परवाह नहीं करते और जब वही चीज हमसे दूर चली जाती है, तब हमें उनकी अहमियत पता चलती है।

Devika (9A)

ARTICLES

मेरा ओडिशा का सफर

जब मेरा cultural program में नेशनल के लिए सलेक्शन हो गया तब मैं बहुत खुश हुई क्योंकि दूसरे राज्य में जाने के लिए यह मेरी पहली ट्रिप थी। इससे पहले मैं बहुत बार मध्य प्रदेश जा चुकी हूं क्योंकि वहां मेरे नाना नानी रहते हैं और बुआ रहती है। ओडिशा जाने के लिए मुझे एक दिन पहले रायपुर जाना पड़ा ओडिशा पहुंचने के बाद हम लोग होटल में रुके थे । हम लोग वहां बहुत मस्ती किए और वहां मैं बहुत सारी सीख ली जैसे सरकार हमारे लिए क्या-क्या काम करती है और मैं अपने दर पर भी जीत हासिल की। मैं वहां बहुत सारे दोस्त भी बनाए। अरुणाचल प्रदेश,सिक्किम और मिजोरम के छात्र सबसे पहले मेरे दोस्त बने। मेरी दोस्त jailow जो अरुणाचल प्रदेश से थी उसके साथ मैंने थोड़ा बहुत english में बात की, क्योंकि उसे हिंदी नहीं आती थी। मुझे english में बात करके बहुत अच्छा लगा। हम लोग वहां जैन मंदिर, शिव मंदिर और खून की प्यासी की नदी भी देखे जो बहुत बड़ी थी। हम लोगों ने airport तथा कुछ historical places भी देखें। मंच पर सभी को मेरी कहानी बहुत अच्छी लगी पर मैं जीत नहीं पाई क्योंकि मैंने बहुत कम समय में अपनी कहानी सुनाई थी। मेरे ख्याल से इन प्रोग्राम्स में समय का विशेष ध्यान रखा जाता है, इसलिए जम्मू और कश्मीर वाले जीत गए।पूरे इंडिया में इस बार कल्चरल प्रोग्राम में ओडिशा वाले जीत गए तमिलनाडु वाले तो हार गए पर उन्होंने वहां बहुत मजा किया। जो साउथ के लोग थे, उनको तो बहुत बढ़िया संस्कृत आती है वहां के ज्यादातर लोगों ने संस्कृत में बात की तभी से मेरी रुचि संस्कृत के लिए बढ़ गई । मुझे वहां जाकर बहुत अच्छा लगा और मैं वहां बड़ी होकर जरूर जाना चाहूंगी । ओडिशा में जगन्नाथ पुरी बहुत प्रसिद्ध है हम वहां सुबह 7:00 बजे होटल से निकलते थे और रात को 10:00 बजे वापस पहुंचते थे। मैंने वहां बहुत टैलेंटेड बच्चे भी देखें जो की बहुत interesting था। एक बच्ची तो बहुत सी चिड़ियों की आवाज निकल रही थी जैसे बुलबुल, कोयल। कुल मिलाकर मेरा अनुभव बहुत ही अच्छा रहा।

ममता
Class-8th A

कोयल की सीख

हम बात करें कोयल की तो हम आमतौर पर एक पक्षी की कल्पना करते हैं जो एकदम काली हो और जिसकी आवाज सुरीली हो।आइए हम कोयल के बारे में आश्चर्यजनक बात करें कोयल पक्षी कभी भी घोंसला नहीं बनाती है |जब उसे अंडे देने होते हैं ,तो तब वह दूसरे पक्षी के घोसले में अंडे देती है| और जब वह अंडे उस घोसले में पलते हैं, जब उसमें से बच्चे निकल आते हैं तो वह सबसे पहले मौका मिलते ही दूसरे पक्षी के अंडे को गिरा देते हैं फिर उस घोसले में रहते हैं और वह पक्षी देखता ही रह जाता है अगर इसकी तुलना हम अपने विद्यार्थी जीवन से करें तो जो कक्षा में अव्वल आते हैं वह तो हमें ऐसे दिखते हैं कि हमारी तरह ही यह भी खेलते हैं पढ़ते हैं इन्हें तो दूसरा शिक्षक नहीं आते पढ़ाने, पर इनमें क्या बात खास है जो यह करते हैं अक्सर हमारे मन में बात आती है पर हमें पता नहीं चलता कि यह उसी कोयल के बच्चे के समान होते हैं जो मौका मिलते ही हमें पीछे छूट जाते हैं और हमें लगता है कि इनमें कुछ तो खास है और टॉपर्स को यह पता होता है कि आगे चलकर यही हमारे प्रतिस्पर्धक होंगे इसलिए आज ही इन्हें पीछे छोड़ना है वह एक दूसरे को अपना प्रतिस्पर्धक समझते हैं|

शिक्षा:आगे बढ़ने के लिए सबको पीछे छोड़ना पड़ता है |

Jagriti
Class -9th A

EVENTS

DRAWING COMPETITION

JANJATIYA GAURAV DIWAS

INTERNATIONAL YOGA DAY

REPUBLIC DAY

NEW ADMISSION CELEBRATION

DOLPHIN PROJECT

INDEPENDENCE DAY CELEBRATION

WORLD INDIGENIOUS DAY CELEBRATION

EVENTS

ANNUAL HEALTH CHECKUP

SWACHTA DIWAS

CULTURAL PROGRAM

RESULT DISTRIBUTION

INDEPENDENCE DAY

SUGAR BOARD

ELECTION DAY

DIWALI CELEBRATION

HOUSE BOARD DECORATION

BOOK EXHIBITION

SCIENCE ACTIVITIES

MATHS ACTIVITIES

ART ACTIVITIES



LOMASH 7^{th}A

CHANCHAL 7^{th}A

SHUBHAM 7^{th}B

LAKSHYARAJ 7^{th}A

WALL PAINTING

DIKSHA 7^{th}A

SURUTI 7^{th}A



ACHEIVEMENTS & NEWS

KALA UTSAVA & SPORTS MEET

एकलव्य विद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा का समापन

गौरेला। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोगरिया, वि. खं. मरवाही में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मोत्सव और संविधान दिवस का आयोजन गोपेश मनहर सहायक आयुक्त के दिशा निर्देश में किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाते हुए चल रही विभिन्न गतिविधियों में नुक्कड़ नाटक,प्रभातफेरी के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि,उज्ज्वला व आयुष्मान योजना के बारे में आसपास के गांव के लोगों को जागरूक किया गया। पोषण जागरुकता रैली के माध्यम से लोगों को फल व सब्जियों के पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी गई। आदिवासी समूह नृत्य व गायन द्वारा आदिवासी संस्कृति का प्रचार- प्रसार किया गया। आसपास के गांवों के बच्चों के साथ क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर शिक्षकगण व प्रधानाचार्य, केन्द्र सरकार द्वारा आदिवासी बच्चों की शिक्षा व खेल को बढ़ावा देने के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं व आदिवासियों के अधिकारों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर भारतीय संविधान की उद्देशिका को बच्चों के समक्ष पढ़ा गया एवं उसकी शपथ ली गई। पखवाड़ा का समापन विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार नेताम, प्राचार्य शासकीय स्कूल गुदुमदेवरी की उपस्थिति में किया गया। तीन विद्यालयों के बीच वॉलीबॉल मैच और रस्सा कशी मैच का आयोजन हुआ। जिसमें एकलव्य डोंगरिया विजेता रहा और प्राचार्य राजीव कुमार पांडे ने सभी ब्रच्चों को पुरस्कृत किया।

जीपीएम के खिलाड़ियों का रहा खेल में दबदबा

नवभारत रिपोर्टर ।गौरेला पेंड्रा रोड।

एकलव्य जीपीएम क्लस्टर से 71 खिलाड़ियों की टीम को सात अनुरक्षकों के साथ अंबिकापुर के लिए रवाना किया गया। एकलव्य विद्यालयों की राज्य स्तरीय चतुर्थ खेल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन अंबिकापुर में गांधी स्टेडियम पीजी कॉलेज ग्राउंड और सेंट जेवियर स्कूल के खेल के मैदान पर किया गया। जीपीएम क्लस्टर के तीनों प्राचार्यों राजीव कुमार पांडे अमित कुमार पायल और और कार्तिक सिदार के निर्देशन में इस क्लस्टर की टीम तैयार की गई। 71 बच्चों एक 71 खिलाड़ियों की टीम में 36 खिलाड़ी एकलव्य डूंगरिया के थे जिनका दबदबा अंबिकापुर में बना रहा और खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस अंडर-19 बालिका, अंडर 14 बालक में और अंडर 14 बालिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ में अंडर-19 लॉन टेनिस में प्रथम स्थान, अंडर-19 बालिका चेस द्वितीय स्थान, अंडर-19 बालक चेस में तृतीय स्थान अडर 14 बालिका ऊंची कूद में द्वितीय स्थान अंडर 19 70 केजी बालक वर्ग कुश्ती में द्वितीय स्थान, अंडर-19 बालक वॉलीबॉल द्वितीय स्थान, अंडर-19 बालिका फुटबॉल में द्वितीय स्थान, अंडर-19 बालिका 1500 मी में तृतीय स्थान, अंडर-19 4 100 रिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसमें से एकलव्य डूंगरिया के 10 बच्चे एकलव्य राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिता हेतु दिसंबर में रायपुर प्रस्थान करेंगे। खिलाड़ियों के सेक्स वापस आने पर प्राचार्य राजीव कुमार पांडे एवं उप्राचार्य नीतू सिंह ने कोच इंद्रजीत कुमार और रीता यादव को बधाई दी और बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

दैनिक भास्कर

बिलासपुर आंचलिक 15-05-2025

एकलव्य डोंगरिया के 10वीं-12वीं का रिजल्ट 100 फीसदी

सेवरा | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया का सीबीएसई 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सीबीएसई ने 13 मई 2025 को 2024-25 सत्र का परिणाम घोषित किया। विद्यालय के सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। दसवीं में 53 और बारहवीं में 52 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। सभी ने सफलता हासिल की। दसवीं में सरिता और बारहवीं में श्रुति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्य राजीव कुमार पांडे ने बताया कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। छात्रों ने भी अपने अच्छे परिणाम के लिए विद्यालय को धन्यवाद दिया।

भारतीय संस्कृति और इतिहास में अहिल्याबाई होल्कर का स्थान अद्वितीय

नवभारत रिपोर्टर ।गौरेला।

मरवाही विकासखंड के ग्राम डोगरिया स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का त्रिशताब्दी जन्म समारोह मनाया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मथुरा सोनी, विशिष्ट अतिथि जनार्दन श्रीवास, विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार पांडे का शशांक शिंदे व संपत सिंह पुत्तम का पुष्पगुच्छ भेंट कर विद्यालय परिवार ने स्वागत किया। छात्र सर्व कुमार ने अहिल्यादेवी होलकर पर उद्बोधन दिया और कुमारी भूमिका ने एकल गायन प्रस्तुत किया। विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। जनार्दन श्रीवास ने त्रिशताब्दी समारोह के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। प्राचार्य राजीव कुमार पांडे ने शिक्षा के क्षेत्र में महापुरुषों के योगदान को और उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को बताते हुए अहिल्यादेवी होलकर के संपूर्ण जीवन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी और छात्र जगत के लिए महापुरुषों के प्रसंग समय-समय पर बताए जाने चाहिए इससे आगे बढ़ने की प्रेरणा जागृत होती है। मथुरा सोनी ने लोकमाता होलकर के जीवन परिचय के साथ महेश्वर तक की यात्रा के बीच उनके द्वारा किए गए कृतित्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा धर्म आध्यात्मिक के क्षेत्र में, मानव कल्याण के क्षेत्र में, कृषक कल्याण व ग्राम विकास के क्षेत्र में सभी तीर्थ में बहुत से निर्माण कार्य कराए गए। ऐसी अद्वितीय लोकमाता को हम सब नमन करते हैं और उनके बताए गए रास्ते पर चलने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शिल्पी गुप्ता व अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में नीतू सिंह, राजीव पुसओला,अभिषेक वर्मा, लक्ष्मण तिवारी, अनु, राजेश कुमार, जोर मल योगी, प्रवीण कुमार, मोनिका, मोहिनी, शरीफ अहमद ,मोहम्मद शाहिद इस्लाम, हर्षित गोयल, रितु, प्रियंका ,रविकांत ,कुसुम ,मिर्जा गुप्ता ,इंद्रजीत कुमार, रीता यादव आदि उपस्थित थे।

SPORTS ACTIVITIES



मेरी पसंदीदा मूवी की कहानी (सेरेनोइू)

जब शुरुआत में गुंडे ने एक किसान आदमी को मारा। उसके जमीन को छिनने के लिए उसे मारा था। कुछ औरत एक वकील के पास गयी क्योंकि उसके दामाद को पकड़ के ले गये थे। क्योंकि उनके जमीन को कोई गुंडा छिन लिया था। तब वही वकील एक दूसरे वकील को बताया। उस वकील का जो बेटा था। वह जल्दी गुंडे के पास जाकर गुंडे के आदमी को मारने लगा फिर उस गुंडे को भी मारा फिर उसके बाद वह हीरो अपने घर चले गया। तब घर में उसके पिताजी ने कहा लड़ाई–झगड़ा नहीं करना चाहिए। उसके चाचा उसे फिर उसके पिता के कोई दोस्त की बेटी को देखने ले गए। फिर रास्ते में एक लड़की झाड़ू लगा रही उससे बातचीत और लड़की ने कहा मैं यहां की विधायक हूँ। फिर हीरो लड़की का पीछा करने लगा घर में, और हर जगह पीछा करने लगा। फिर उसके अगले दिन वो और उसके चाचा कोर्ट में पहुँचे।

हीरो और विधायक भी थे। वहां एक लड़की के माता–पिता भी थे। पर उनका वकील नहीं आया। उस लड़की के माता–पिता ने अपनी जान दे दी। फिर हीरो उन्हें देख कर कहा, यह सब किसने किया। हीरो ने उस रात वही वकील के हाथ काट दिये और उस लड़के के पैर काट दिया जो उस लड़की को मारा था। फिर (MLA) उस हीरो के घर गई और हीरो की दादी MLA से कुछ पूछ रही थी। तब MLA के पास फोन आया। MLA बोली, दादी और कुछ पूछना है क्या? नहीं। फिर वे सब उसके अगले दिन मंदिर गए। तब हीरो भगवान के सामने शपथ ले रहा था फिर आवाज आई, गनेश!! फिर हीरो एक गुंडा को मारा फिर हीरोइन को उठाया। फिर हीरो धीरे–धीरे सभी गुंडों को मारने लगा। फिर हीरोइन को अपने घर ले गया। हीरोइन ने बोला गनेश हमारे गांव आया, फिर मेरे घर पहुंचा। फिर गनेश बोला लड़की है या मैं जाऊं, कोई गनेश को बताया कि लड़की को गुंडे पकड़ के ले गए हैं।हीरो ने उन सब गुंडों को मारा जो लड़की को पकड़ के ले गए थे।

फिर हीरो ने लड़की को लड़की के पापा को सौंप दिया। हीरोइन ने कहानी खत्म की। हीरोइन को अस्पताल ले गए। फिर गुंडे हीरोइन को पकड़ के ले गए। फिर वहाँ हीरो भी आ गया। हीरो कुछ दो–तीन गुंडों को मारा। फिर गुंडे के ऊपर पेट्रोल फेंका। गुंडा खिड़की से बाहर कीचड़ वाले कुएँ में कूद गया।

हीरो ने पुलिस के पास जाकर बोला विक्रम धनुष को मारने वाले यही हैं। हीरो हीरोइन के गाँव गया वहां पर कुछ गुंडे बहुत सारे औरतों को बंधी बनाकर रखे था। फिर हीरो ने सभी औरतों को गुंडों से छुड़वा दिया। विक्रम धनुष ने , हीरो के पिता और चाचा में से हीरो के चाचा को जख्मी कर दिया और एक पुलिस ऑफिसर को भी घायल कर दिया फिर भी हीरो के चाचा और पुलिस ऑफिसर की साँस चल रही थी।फिर हीरो और गुंडों के बीच लड़ाई हुई फिर गुंडों को मारने लगा।

हीरो के पिता ने बोला ये तुम्हारे चाचा को मारने आ रहा है फिर हीरो ने गुंडे के पिता गर्दन काट दी तब हीरो बोला अब तू अपने पिता को बचा कर के दिखा तो हीरो सभी गुंडों को मारकर अपने चाचा को अस्पताल ले गया। और हीरो गनेश के चाचा बच गए। फिर एक गाना चला फिर फिल्म समाप्त हो गयी।

ऋषभ 7A

मेरी पसंदीदा किताब

मेरी पसंदीदा किताब का नाम 'श्रीमदभगवद गीता'है। यह एक प्राचीन किताब है। यह हमें अपनी जिंदगी को जीना सिखाता है। इसमें श्रीकृष्ण एवं अन्य जनों का वर्णनन किया गया है। जिस प्रकार से हम किसी भी नवीन वस्तु को खरीदते हैं तो हमें उसका इस्तेमाल करना नहीं आता है। और उसके साथ एक मैनुअल होती है जो बताती है कि इसे इस्तमाल कैसे करना है इसी तरह भगवदगीता हमारी जीवन की मैनुअल है। श्रीकृष्ण कहते हैं–:सदैव मेरा चिन्तन करो, मेरे भक्त बनो,मेरी पूजा करो और मुझे नमस्कार करो। इस प्रकार तुम निश्चित रूप से मेरेपास आओगे। मैं तुम्हें वचन देता हूँ, क्योंकि तुम मेरे परम मित्र हो। कई लोग कहते है कि भगवान किसी भी रूप में मिल जाते हैं किसी भी जीव के रूप में मिल जाते हें अगर कोई भी भगवान की सच्चे मन से भक्ति करे तो उसे भगवान अवश्य ही मिलेंगे।

क्योंकि भागवान शब्द का अर्थ ही–ः

'भ'–भुमिवान, 'ग'–गगन, 'व'–वायु, 'अ'–अग्नि, 'न'–नीर (जल) होता है। यह सभी स्थानें पर होते हैं। इसी तरह भगवान जब परीक्षा लेते है तब अनेकों विपत्तियों का सामना करना पड़ता है। पर हमें कभी भी यह नहीं सोचना चाहिए कि हमें ही भगनान ने सबसे ज्यादा दुख दिया है। क्योंकी जब भगवान दुख देते है तो सब को याद आते हैं लेकिन भगवान अगर सुख देते है तो कोई भी उन्हें याद नहीं करता है यही कलियुग की सच्चाई है कि अगर दुख मिले तो भगवान पर अनेकों दोष लगते हैं। पर जब सुख मिलता है तव भगवान को कभी ये नहीं कहेंगे कि भगवान ने हमें सुख दिया। क्योंकि इस कलियुग में कोई किसी की अच्छाई नहीं देखता है। बल्कि सब उसकी बुराईयाँ ही देखते हैं। पर जब कलियुग का अन्त आएगा तब विष्णु जी स्वयं अवतार लेगें(कल्कि अवतार) इस कलियुग की समाप्ति के लिए एवं सभी पापियों का अंत करने के लिए यह 'भगवदगीता'में स्वय कहा गया है। इन सबके अलावा 'भगवदगीता' में कई सारे श्लोक एवं मंत्र है जैसे की –ः

एकं शास्त्रं देवकीपुत्रगीतम्।
एको देवो देवकी पुत्र एव।
एको मन्त्रस्तस्य नामानि यानि।
कर्माप्येकं तस्य देवस्य सेवा।।

अर्थः–

आज के यूग में लोग एक शास्त्र,एक ईश्वर, एक धर्म तथा एक वृत्ति के लिए अत्यनत उत्सुक हैं। अतः एव एक शास्त्रं देवकीपुत्रगीतम्–केवल एक शास्त्र भगवदगीता हो,जो सारे विश्व के लिए हो। एको देवो देवकीपुत्र एव–सारे विश्व के लिए एक ईश्वर हो–श्री कृष्ण। एको मन्त्रस्वस्य नामानि यानि– और एक मन्त्र, एक प्रार्थना हो–उनके नाम का किर्तन, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण ,हरे हरे। हरे राम,राम राम, हरे हरे। कर्मापयेकं तस्य देवस्य सेवा–केवल एक ही कार्य हो–भगवान की सेवा।

'हनी उदय'

कक्षा–7वीं (अ)

SESSION 2024-25 MEMORIES

- E-magazine is also available at school website www.emrsdongariya.org.in

Special Thanks to **MR. RAJIV PUSOLA** (PGT COMPUTER SCIENCE), **MR. HARSHIT GOYAL** (TGT SCIENCE), **MRS. ANNU** (TGT LIBRARIAN) who went the extra mile with their time, creativity, and dedication in making this school magazine a reality.
Your efforts have turned ideas into inspiration for our entire school community.



CREATED BY

DAMINI (9A)